

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**पंचतत्व में विलीन हुए सतीश शाह**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 194 ■ सोमवार 27 अक्टूबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# अंबरनाथ नगराध्यक्ष का उम्मीदवार कौन?

## शिल्पा किणीकर, मनिषा वालेकर या पन्ना वारिंगे

■ **शिवसेना में नाम को लेकर फूट के आसार**



⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ की महिला नगराध्यक्षा कौन होगी... इस पर शिवसेना में आपसी फूट के आसार दिखाई दे रहे हैं. शहर में अभी से चर्चा का दौर शुरू हो गया है. शहर में शिवसेना पक्ष का वर्चस्व है. इसलिए इस पक्ष से महिला अध्यक्षा का उम्मीदवार कौन होगा? क्या कोई नया नाम सामने आएगा या फिर नगराध्यक्ष पद के उम्मीदवार को लेकर शिवसेना शिंदे गट में फूट हो जाएगी. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की पत्नी शिल्पा किणीकर का नाम अब नगराध्यक्षा के लिए उछाला जा रहा है, तो दूसरी ओर पूर्व नगराध्यक्ष मनिषा अरविंद वालेकर इस रेस में सबसे आगे दिखाई दे रही हैं. किणीकर ने आरोप लगाया है कि कुछ नेताओं ने शहर में विधायक एवं सांसद के चुनाव में पक्ष विरोधी कार्य किया है. ऐसे लोगों को नगराध्यक्षा का टिकट ना ही दिया जाए तो अच्छा है. इनके इस बयान से स्पष्ट होता है कि कोई नया नाम पक्ष को सामने लाना चाहिए. विधायक किणीकर गत 20 वर्षों से विधायक की कुर्सी पर विराजमान हैं. ऐसे में उनकी पत्नी शिल्पा का नाम की चर्चा क्यों हो रही है, ये शिवसेना के कुछ नेताओं की समझ में नहीं आ रहा है. पूर्व नगरसेवक पंढरीनाथ वारिंगे की पत्नी पूर्व नगरसेविका पन्ना वारिंगे का नाम भी नगराध्यक्षा की दौड़ में आगे आ रहा है. ये जग जाहिर है कि शिवसेना में विधायक किणीकर और शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के बीच में गहरा मनमुटाव है. दोनों एक-दूसरे के खिलाफ बयान देते आ रहे हैं. किणीकर अपने किसी कार्यक्रम में अथवा बैनर पर वालेकर परिवार का नाम नहीं लिखते हैं तो वालेकर भी अपने बैनर या कार्यक्रम में किणीकर को अवाइड कर रहे हैं. इसलिए पक्ष इस बात पर सोच रहा है कि दोनों को बाजू में करके किसी तीसरे नए नाम को नगराध्यक्ष के लिए आगे किया जाए. जिसमें पन्ना वारिंगे के साथ सुनिल चौधरी की पत्नी अनिता चौधरी, सुवर्णा सुभाष सालुंखे, अपर्णा कुणार भोईर, वीना पुरुषोत्तम उगले या फिर एकदम से पक्ष श्रेष्ठी किसी नए नाम को अचानक आगे करके सबको हैरत में डाल सकते हैं. क्योंकि इससे पहले शिवसेना ने नगराध्यक्षा के उम्मीदवार के लिए रातों-रात सम्पदा गडकरी के नाम को आगे करके सबको आश्चर्य में डाल दिया था. इसमें कोई दो राय नहीं है कि ऐसा अचंभा इस नगराध्यक्षा चुनाव में होने वाला है.

# फडणवीस-शिंदे अलग-अलग लड़ेंगे!

■ **भाजपा मंत्री नितेश राणे ने दिया बड़ा संकेत**

**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव महागठबंधन के बजाय मित्र दल के रूप में लड़ने की घोषणा के बाद, हमने जिले में इसकी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा और शिंदे शिवसेना दोनों दलों के पास नगर पालिकाओं, जिला परिषदों और पंचायत समिति के लिए पर्याप्त उम्मीदवार हैं। इसलिए, महागठबंधन बनाकर विद्रोह को बल देने और विपक्षी दल को मजबूत करने के बजाय, जिले में आगामी चुनाव महागठबंधन के रूप में नहीं लड़े जाएँगे, ऐसा पालक मंत्री नितेश राणे ने यहाँ स्पष्ट किया।



नीति आयोग की एक टीम जिले में आ रही है। इस अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में जब उनसे पूछा गया कि क्या स्थानीय निकाय चुनाव महागठबंधन के रूप में लड़े जाएँगे, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव मित्र दल के रूप में लड़े जाएँगे। चुनाव के बाद, हम एक महागठबंधन के रूप में ही रहेंगे। जिले में 50 जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भाजपा और शिवसेना के उम्मीदवार हैं। ऐसे में, अगर हम महागठबंधन के रूप में चुनाव लड़ते हैं, तो विद्रोह होगा। विपक्ष को इसका फ़ायदा होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई उम्मीदवार नहीं है। ठाकरे शिवसेना का कणकवली नगर पंचायत में कोई उम्मीदवार नहीं है। इसलिए, अगर महागठबंधन बनता है, तो विपक्ष को फ़ायदा होगा,

मंत्री नितेश राणे ने हाल ही में स्वीडन का दौरा किया था। इस संबंध में उन्होंने कहा, स्वीडन में जल परिवहन सबसे ज़्यादा था। इसके बाद रेल और सड़क परिवहन का स्थान था। हमने इस देश में जल परिवहन की व्यवस्था और उसके लिए किए गए प्रयासों का अध्ययन करने के लिए दौरा किया। उस देश में बड़ी नाव बनाने के कारखाने हैं। दिसंबर में महाराष्ट्र पहुँचने वाली नाव का निर्माण स्वीडन की कांडला कंपनी में हो रहा है। इस इलेक्ट्रिक नाव की क्षमता 30 यात्रियों की है।

इस अवसर पर मंत्री राणे ने कहा कि इस नाव का परीक्षण गेटवे ऑफ़ इंडिया और अलीबाग के बीच किया जाएगा। हमारी इस कंपनी से बातचीत हुई है और कंपनी ने महाराष्ट्र में नाव निर्माण का कारखाना शुरू करने की इच्छा जताई है। बेशक, चूँकि इस कंपनी को समुद्र से निकटता की ज़रूरत है, इसलिए यह कारखाना सिंधुदुर्ग ज़िले में लगेगा.






### 90 करोड़ की फ़सल बीमा राशि का वितरण

ख़राब मौसम और बारिश से क्षतिग्रस्त फ़सलों और फलों के लिए ज़िले में फ़सल बीमा राशि वितरित की गई है। दिवाली से पहले ज़िले के 43 हज़ार किसानों को 90 करोड़ की फ़सल बीमा राशि वितरित की गई है। राणे ने कहा कि अब तक की सबसे ज़्यादा राशि वितरित की गई है और किसानों की दिवाली मीठी रही है।

# महिला बचत गटों को स्वीकृत स्टॉल वितरण में देरी

■ **मनपा के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा**

**उल्हासनगर.** स्वरोजगार के लिए मनपा द्वारा स्वीकृत लोहे के स्टॉल आठ महीने बाद भी न मिलने से महिला स्वयं सहायता समूह बेहद परेशान हैं। प्रशिक्षण पूरा होने और लॉटरी परिणाम घोषित होने के बाद भी स्टॉल वितरित करने के बजाय प्रक्रिया को अचानक रद्द करने पर नाराज महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाई है। सामाजिक कार्यकर्ता शिवाजी रागड़े के नेतृत्व में महिलाओं ने मनपा को सोमवार तक की समय सीमा दी है अन्यथा उन्होंने मंगलवार को मनपा पर मोर्चा निकालने की चेतावनी दी है। मनपा ने हाल ही में सूचित किया है कि किसी कारणवश पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी गई है और नए आवेदन आमंत्रित किए जाएँगे। इस फैसले ने महिलाओं की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है और कई महिलाओं ने प्रशासन पर राजनीतिक दबाव में यह फैसला लेने का आरोप लगाया है। सामाजिक कार्यकर्ता शिवाजी रागड़े ने संबंधित अधिकारियों का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।



शिवाजी रागड़े ने कहा, 'महिलाओं के लिए स्वीकृत लोहे के स्टॉल तुरंत वितरित किए जाने चाहिए।' अगर प्रशासन सोमवार तक कोई फैसला नहीं लेता है, तो मंगलवार को मनपा मुख्यालय पर एक बड़ा मार्च निकाला जाएगा।' उनकी इस चेतावनी से प्रशासन में भी हड़कंप मच गया है।

बचत गट की सदस्यों को प्रशिक्षण देने के बाद भी स्टॉल न देना महिलाओं के अधिकारों का हनन है। हमें आश्वासन नहीं, बल्कि असली रोज़गार चाहिए।' महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस पहल ने अब असंतोष, नाराज़गी और गुस्से का रूप ले लिया है। मनपा की निर्णय प्रक्रिया को लेकर शहर में चर्चा भी शुरू हो गई है और उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में इस मुद्दे पर हलचल मचेगी।

# लिफ्ट के डक्ट में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**कल्याण.** डोंबिवली पश्चिम के देवीचापाड़ा सत्यवान चौक स्थित एक सोसाइटी में अपने परिवार के साथ रहने वाले 75 वर्षीय एक बुजुर्ग सुबह करीब 2:15 बजे शौचालय जाने के लिए उठे। गहरी नींद में होने के कारण उन्होंने घर का मुख्य द्वार खोला और शौचालय समझकर बाहर चले गए और घर के बाहर पेशाब कर दिया। फिर घर वापस जाने का सोचकर उन्होंने सोसाइटी की लिफ्ट का दरवाजा खोला। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे लिफ्ट के डक्ट में गिर गए।

इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। लिफ्ट के डक्ट में गिरकर मरने वाले बुजुर्ग का नाम बाबूराव सीताराम तावड़े (75) है। वे देवीचापाड़ा के सत्यवान चौक स्थित साईं बालाजी आर्केड सोसाइटी में अपने परिवार के साथ रहते थे। बाबूराव को रक्त संचार संबंधी समस्या थी। इस संबंध में उनका इलाज चल रहा था। वे चल-फिर रहे थे।

सुबह, तावड़े परिवार की नींद खुली। चूँकि बाबा घर पर नहीं थे, उन्होंने हर जगह देखा, लेकिन वे नहीं दिखे। फिर वे लिफ्ट के टैंक के पास गए और उन्हें उसमें पड़ा पाया। परिवार ने तुरंत विष्णुनगर पुलिस को सूचना दी। बाबूराव तावड़े ऊपरी मंज़िल से गिरकर घायल हो गए थे। परिजन उन्हें तुरंत कल्याण-डोंबिवली नगर पालिका के शास्त्री नगर अस्पताल ले गए। वहाँ डॉक्टरों ने उनकी जाँच की और बाबूराव तावड़े को मृत घोषित कर दिया। विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। कांस्टेबल तावड़े मामले की जाँच कर रहे हैं।

# बारिश की वजह से बढ़ेगा सर्दी का इंतजार

■ **प्रदूषण कम, लेकिन त्योहारों का आनंद किरकिरा**

**बदलापुर.** चार महीने का मानसून इस साल छह महीने का हो गया है, और अक्टूबर खत्म होते-होते बदलापुर में बारिश ने एक बार फिर ज़ोरदार दस्तक दे दी है। मई में शुरू हुए इस 'छमाही मानसून' की वजह से इस साल बदलापुर के लोग सर्दियों में भी मानसूनी प्रकृति पर्यटन का आनंद ले सकते हैं।

वर्ष 2025 कई अनुभवों का साल रहा है। 2013 के लगभग 12 साल बाद, इस साल मानसून मई में ही शुरू हो गया और अक्टूबर के अंत तक रुकने वाला नहीं है; हालाँकि, इस साल छह महीने बारिश के बावजूद बदलापुर के लोगों को बाढ़ की बड़ी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। उल्हास नदी जब खतरे के निशान पर पहुँची, तो प्रकृति की कृपा से बारिश कम हो गई और बाढ़ का डर कम हो गया।

### मौसम विशेषज्ञों का पूर्वानुमान

मौसम विभाग के शोधकर्ता अभिजीत मोडक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अरब सागर में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण अक्टूबर के अंत तक बारिश जारी रहेगी। अगर यह क्षेत्र समुद्र में बना रहा, तो बदलापुर के लोग नवंबर के पहले सप्ताह में भी बारिश का आनंद ले सकेंगे। बारिश की अवधि बढ़ने के कारण सर्दी का मौसम लंबा हो गया है और सामान्य सर्दी नवंबर के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी।

छह महीने की बारिश के कारण शहर में दो बड़े बदलाव देखने को मिले। शहर में प्रदूषण काफी हद तक कम हो गया है और वातावरण स्वच्छ व सुंदर हो गया है। सह्याद्री पर्वत श्रृंखलाएँ हरियाली से भर गई हैं और बदलापुर के लोग स्वच्छ प्रकृति का आनंद ले रहे हैं। हालाँकि, बदलापुर के लोग इस साल त्योहारों के मौसम का आनंद नहीं ले पाए।

# पत्रकार पर हमला कर तड़ीपार करण-अर्जुन हुए फरार

■ **दो साथी आरोपी गिरफ्तार**

■ **यूट्यूब न्यूज चैनल पर न्यूज दिखाने से खफा थे आरोपी**

■ **करण-अर्जुन पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज**








**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-5 इलाके के दो तड़ीपार आरोपी करण और अर्जुन द्वारा एक खबर से नाराज होकर पत्रकार संदीप सिंह और उनके भाई पर शुक्रवार रात जानलेवा हमला कर फरार हो गए हैं। इस हमले में संदीप सिंह और उनके भाई घायल हो गए। कुछ महीने पहले, शिव कॉलोनी के अपराधी करण और अर्जुन विटेकर के खिलाफ यूट्यूब चैनल डेली पेज पर एक खबर प्रसारित की गई थी। इसे लेकर अर्जुन नाराज था और इसी नाराजगी के चलते शुक्रवार रात संदीप सिंह और उनके भाई पर तलवार से जानलेवा हमला किया गया। इसमें संदीप का भाई तलवार के हाथ में लगने से घायल हो गया, जबकि संदीप सिंह पर भी चेहरे पर वार किया गया है। इस घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

हिललाइन पुलिस स्टेशन में चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी करण और अर्जुन दोनों फरार हैं।

# डूबते सूर्य को आज दिया जाएगा अर्घ्य

■ **उत्तर भारतीय लोगों में छठ पूजा को लेकर काफी उत्साह**

■ **सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**



**उल्हासनगर.** शहर एवं आस -पास के क्षेत्र में रहने वाले उत्तर भारतीय लोगों में छठ पूजा को लेकर काफी उत्साह का माहौल है. छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को व्रतियों ने पूरे दिन उपवास रहने के बाद शाम को खरना किया. व्रत धारण करने वाले महिला-पुरुष सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे. रविवार को परिवार के सदस्य पूजा के दौरान प्रयोग में लाए जाने वाले सामान की खरीदारी में लगे हुए थे. ठाणे शहर में उपवन सहित अन्य स्थानों पर पूजा के लिए कृत्रिम तालाब बनाये गए हैं. तालाबों के किनारे छठ व्रतियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं. साथ ही अलग -अलग संस्थाओं की तरफ से भजन, माता की चौकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है.

उल्हासनगर एवं आस पास के इलाकों में बिहार,झारखंड एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं. जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाता है. शहर के तालाब परिसर में छठ पूजा संस्था छठ पूजा का आयोजन किया गया है.

# कल्याण पश्चिम सिंडिकेट स्थित सोसाइटी में 6 लाख की चोरी

**कल्याण.** कल्याण पश्चिम के मुरबाड रोड स्थित सिंडिकेट स्थित ब्राह्मण सोसाइटी के एक घर का ताला तोड़कर चोर छह लाख 32 हज़ार रुपये का कीमती सामान चुरा ले गए। घर के मालिक ने इस चोरी के मामले में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

गजानन रमेश बालापुरकर (49) के ब्राह्मण सोसाइटी स्थित नव आशादीप भवन में चोरी की घटना हुई। चोर ने शनिवार शाम 7 बजे से रविवार शाम 4 बजे के बीच चोरी की। शिकायतकर्ता गजानन बालापुरकर ने अपनी शिकायत में कहा है कि शनिवार शाम को हम अपने परिवार के साथ किसी काम से बाहर गए थे। यह देखकर कि उस समय घर पर कोई नहीं था, चोर ने शनिवार शाम 7 बजे से रविवार शाम 4 बजे के बीच घर के दरवाजे का ताला तोड़ दिया। घर में घुसकर चोर अलमारी में रखी तिजोरी से 60 ग्राम सोने के गहने और दो टेलीविजन चुरा ले गया, जिसकी कुल कीमत 6.32 लाख रुपये है। पुलिस ने संदेह जताया है कि चोरी आधी रात के आसपास हुई। अगले दिन शिकायतकर्ता गजानन बालापुरकर कल्याण स्थित अपने घर आए। उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था।

# कल्याण-डोंबिवली में काम्बिंग आपरेशन

■ **रात्रि छापेमारी में 350 असामाजिक तत्व गिरफ्तार**

**कल्याण.** पिछले कुछ दिनों से कल्याण, डोंबिवली क्षेत्र में चोरी, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और नशीली दवाओं के सेवन की घटनाएं बढ़ रही हैं। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में वृद्धि को देखते हुए, पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के मार्गदर्शन में 240 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की एक विशेष टीम ने शनिवार रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक कल्याण, डोंबिवली शहर क्षेत्र में अचानक गिरफ्तारी और छापेमारी अभियान चलाया और 350 से अधिक असामाजिक तत्वों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की।

पिछले साल भी पुलिस ने कल्याण, डोंबिवली शहर में रात और दिन में लगातार दो-तीन महीने तक ऐसा ही गिरफ्तारी अभियान चलाकर विभिन्न प्रकार के अड्डे ध्वस्त किए थे। अब, जब शहर में रात में फिर से अवैध गतिविधियाँ और सार्वजनिक समारोह शुरू होने के संकेत मिले, तो उपायुक्त झेंडे ने शनिवार को अचानक कल्याण और डोंबिवली के सभी आठ पुलिस थानों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संदेश भेजकर शनिवार रात गिरफ्तारी और छापेमारी अभियान चलाने का आदेश दिया। उपायुक्त झेंडे, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणजी घेटे, सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे ने व्यक्तिगत रूप से इस अभियान में भाग लिया।

पुलिस ने डोंबिवली और कल्याण इलाकों में अचानक छापेमारी और गिरफ्तारी अभियान शुरू किया, जिससे पुलिस ने खुले मैदान में बैठे असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जाँच में पता चला कि गिरफ्तार किए गए कुछ शराबी संपन्न नागरिक थे। सभी को पकड़कर थाने ले जाया गया और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। रात 8 बजे शुरू हुआ यह गिरफ्तारी अभियान सुबह 4 बजे तक चला। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने 350 से ज़्यादा गुंडों, असामाजिक तत्वों, शराबियों, आवारा और बदमाशों को हिरासत में लिया। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी।



### शराबी वाहन चालकों से 45 हजार वसूले

पुलिस ने कल्याण रेलवे स्टेशन के आसपास की इमारतों और पार्किंग स्थलों में छिपे चोरों और शराबियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में पेड़ों और झाड़ियों के नीचे बैठकर शराब और नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले असामाजिक तत्वों के समूहों को गिरफ्तार किया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों से 45,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। 6 खतरनाक गुंडों को गिरफ्तार किया गया। 27 तड़ीपार गुंडों की जाँच की गई।

## सुरक्षा गार्ड के परिवार को 13.85 लाख मुआवजा

**ठाणे.** मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2022 में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 53 वर्षीय सुरक्षा गार्ड के परिवार को 13.85 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है. दुर्घटना 14 मई, 2022 को हुई थी. घटना के समय पीड़ित कमलेश राममूरत सिंह महाराष्ट्र के ठाणे शहर के वागले एस्टेट क्षेत्र में स्थित एक निजी कंपनी के परिसर में सुरक्षा गार्ड के रूप में ड्यूटी पर थे. ठाणे में स्थित एक अस्पताल के स्वामित्व वाले तेज रफ्तार पिकअप ट्रक ने एक खड़ी वैन को टक्कर मार दी थी, जिसके कारण सिंह वैन और कंपनी की दीवार के बीच फंस गए. इस दौरान उनके सिर में चोट लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. एमएसीटी के सदस्य आर. वी. मोहिते ने आरोप पत्र और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फैसला सुनाया. न्यायाधिकरण ने आदेश में कहा कि टाटा पिकअप के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाया और मारुति सुजुकी ईको वाहन को टक्कर मार दी.



## खबरें गांव की...

### भीषण हादसा: विंध्याचल दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, तीन की मौत

**जौनपुर.** यूपी के जौनपुर भी भीषण हादसा हो गया। रविवार सुबह मां विंध्याचल देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे कार में सवार पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बोलेरो कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान आलोक वर्मा (38), उनकी पत्नी गुड़िया वर्मा (32) और वृद्धा फूला देवी (70) के रूप में हुई है। वहीं, घायल अभिराट वर्मा (16) सुभाष और मंजू को गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है, जबकि दो अन्य महिलाएं जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### रात को प्रेमिका के घर पहुंचे प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या, पेड़ से लटकी मिली लाश

**बरेली.** बरेली में प्रेमिका से मिलने आए पीलीभीत के एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। अगले दिन सुबह युवक की लाश पेड़ से लटकी मिली। घर वालों का आरोप है कि उसका बेटा प्रेमिका के बुलाने पर उससे मिलने पहुंचा था, जहां लड़की के घर वालों ने घेरकर उसके बेटे को पीट-पीटकर मार डाला और लाश को पेड़ से लटका दिया। युवक की हत्या की खबर से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाए। वहीं पुलिस युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात कह रही है।

### दबंगों के हमले से जिंदगी और मौत से जूझ रहा युवक, पुलिस ने उसी पर दर्ज कर दिया मुकदमा

**कानपुर.** कानपुर की रावतपुर पुलिस ने दबंग की ओर से किए गए चापड़ के हमले से सर्वोदय नगर के अस्पताल में जिंदगी- मौत से जूझ रहे युवक के खिलाफ ही अपहरण और रंगदारी मांगने जैसी गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दी। अब एडीसीपी वेस्ट में इस पूरे मामले में जांच के आदेश दिए हैं। जूही निवासी चंदन सिंह ने बताया कि उनका केशवपुरम में रहने वाला भांजा अभिजीत सिंह अपनी बीमार मां की दवा लेने शनिवार रात विनायकपुर के एक मेडिकल स्टोर गया था। जहां मेडिकल स्टोर संचालक अमर सिंह और विजय सिंह से उसका विवाद हो गया। जिस पर भड़के अमर सिंह विजय सिंह ने अपने साथियों निखिल तिवारी और प्रिंस राज श्रीवास्तव के साथ मिलकर अभिजीत पर चापड़ से जानलेवा हमला बोल दिया। अभिजीत को घेरकर कर दबंगों ने चापड़ से उसके सिर, चेहरे, पेट पर कई वार किए। लहूलुहान हालत में दोस्त अभिजीत को गुरुदेव चौकी लेकर पहुंचा। जहां मौजूद दरोगा ने पहले इलाज करने की नसीहत देकर उसे हैलट रवाना कर दिया।

### यूपी में कफ सिरप पीने से बच्चे की हालत बिगड़ी, चार साल के मासूम ने तोड़ा दम

**बुलंदशहर.** यूपी के बुलंदशहर में एक बच्चे की कफ सीरप पीने से मौत हो गई। भैयाटूज पर अलीगढ़ से मां के साथ अपनी ननिहाल अनूपशहर आए चार वर्षीय बालक की कफ सिरप पीने के बाद हालत बिगड़ गई। दिल्ली सफदरजंग चिकित्सालय में उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। अनूपशहर के मोहल्ला मदारगेट स्थित सिंहारा बस्ती निवासी भोजराज की बेटी ममता की शादी अलीगढ़ निवासी तुलसीदास से हुई थी। भैयाटूज पर ममता सदीं खासी से ग्रस्त अपने 4 वर्षीय पुत्र गोलू समेत तीन बच्चों के साथ मायके अनूपशहर आई थी। ममता अलीगढ़ से गोलू की दवाई भी साथ लाई थी।

# सलमान खान के बयान से बिलबिलाया पाकिस्तान

- **घोषित कर दिया आतंकवादी**

**नई दिल्ली.** बॉलिवुड अभिनेता सलमान खान के बयान से बिलबिलाए पाकिस्तान ने उन्हें आतंकी घोषित कर दिया है। हाल में ही सलमान खान ने सऊदी अरब में एक कार्यक्रम में बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग देश बताया था। इसके बाद शहबाज शरीफ सरकार बुरी तरह चिढ़ गई। इसके बाद अब शहबाज शरीफ की सरकार ने आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए उन्हें आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत आतंकी घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने उनका नाम चौथे शेड्यूल में शामिल किया है।

जानकारी के मुताबिक चौथी सूची में शामिल करने का मतलब होता है कि उनपर कट्टरपंथी गतिविधियों के चलते नजर रखी जाएगी। अब तक सलमान खान या फिर उनके किसी प्रतिनिधि की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। सऊदी अरब में एक फोरम में संबोधित करते हुए सलमान खान ने कहा था, ये बलूचिस्तान के लोग हैं, अफगानिस्तान के लोग हैं, पाकिस्तान के लोग हैं, हर कोई सऊदी अरब में मेहनत से काम कर रहा है। इसी बयान पर पाकिस्तान को मिर्ची लग गई थी। दरअसल लंबे समय से बलूचिस्तान में पाकिस्तान से अलग होने के लिए आंदोलन चल रहा है जिसे पाकिस्तानी सेना अपने अत्याचारों से रौंदने की कोशिश करती है। सलमान खान के बयान से भी ऐसा लगता था कि वह बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बता रहे हैं। ऐसे में उसका बौखलना तय था।



एक तरफ जहां पाकिस्तान को मिर्ची लग गई है तो दूसरी तरफ बलूचिस्तान के अलगाववादी नेता उनसे खुश हैं। उन्होंने सलमान खान का धन्यवाद भी दिया है। हालांकि यह अब तक नहीं पता चला कि सलमान खान ने बातों ही बातों में इस तरह बोल दिया था या फिर जानबूझकर बलूचिस्तान का अलग से नाम लिया था।

बात दें कि बलूचिस्तान में आजादी के लिए आंदोलन लंबे समय से चल रहा है। अकसर यहां हिंसा की घटनाएं भी सामने आती हैं। दरअसल बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों के मामले में धनी है लेकिन आर्थिक रूप से यह क्षेत्र काफी पिछड़ा है। यहां चीन के प्रोजेक्ट्स का भी विरोध होता रहता है। अकसर विद्रोही पाकिस्तान की सेना या फिर अन्य इलाके के लोगों को निशाना बनाते हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान के 46 फीसदी हिस्से में है लेकिन यहां की आबादी केवल 1.5 करोड़ के आसपास है।

# मन की बात : PM ने छठ की बधाई दी

- **कहा- त्योहारों में स्वदेशी वस्तुओं की जबरदस्त खरीदारी हुई**




**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री के रेडियो शो मन की बात के 127वां एपिसोड टेलीकास्ट हुआ। पीएम ने छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं और लोगों से इस उत्सव में शामिल होने की अपील की। पीएम मोदी ने मन की बात में GST बचत उत्सव, सरदार पटेल की 150वीं जयंती, रन फॉर यूनिटी जैसे विषयों पर बात की।

पीएम ने कहा कि इस बार त्योहारों के दौरान GST बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में जबरदस्त वृद्धि हुई है। पीएम ने कहा कि देश में त्योहारों का उल्लास है। कुछ दिन पहले दीवाली मनाई गई और अब छठ पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप जहां भी हैं वहीं से छठ पर्व में भाग लें। पीएम ने छठ को लेकर सभी को बधाई भी दी।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के इस अवसर पर मैंने पत्र लिखकर अपनी भावनाएं साझा की थीं। कई मुद्दों पर बात की थी। लोगों का इसपर मुझे जवाब मिला। ऑपरेशन सिंदूर से लोगों में गर्व है। इस बार माओवादी क्षेत्रों में दिवाली की रौनक दिखी।

पीएम मोदी देशवासियों से आह्वान किया कि वे 7 नवंबर को 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष को यादगार बनाएं। उन्होंने कहा कि यह गीत हर भारतीय के दिल में भावनाओं और गर्व का संचार करता है, इसलिए आने वाली पीढ़ियों के लिए इसकी विरासत को आगे बढ़ाना ज़रूरी है। मोदी ने कहा कि आगामी दिनों में देशभर में 'वंदे मातरम' से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे पूरे मन से इस आयोजन में भाग लें। प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि 'वंदे मातरम' पहली बार 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर ने गाया था, और यह गीत भारत की आज़ादी की भावना का एक अहम प्रतीक रहा है।

# युवक-युवती को जूतों की माला पहना सड़कों पर घुमाया

ओडिशा के क्योंझर जिले के एक गांव में विवाहेतर संबंध के संदेह में 26 वर्षीय एक पुरुष और 24 वर्षीय एक विवाहित महिला के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। इतना ही नहीं, उन्हें जूते की माला पहनाकर सड़कों पर घुमाया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना 21 अक्टूबर को आनंदपुर थाना क्षेत्र के सदांगी गांव में घटी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया कई बार पोस्ट किया गया।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महिला के पति और दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आनंदपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक फणींद्र नायक ने बताया कि काम से लौटते समय व्यक्ति महिला के घर पर 'हंडिया' (स्थानीय मादक पेय) पीने के लिए रुका था। उन्होंने बताया कि हालांकि, स्थानीय लोगों ने उन्हें अकेला देखा और उन पर विवाहेतर संबंध होने का संदेह किया। उन्होंने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया और उसके पति को बुलाया। इसके बाद उन्होंने दोनों पर हमला किया और उन्हें जूतों की माला पहनाकर परेड कराई।

# पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन, पीडीएस डीलर को मानदेय

- **तेजस्वी के चुनावी पिटारे में क्या-क्या?**

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंन के सीएम उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी वादों की झड़ी लगा दी है। रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो पंचायती राज के पूर्व जन प्रतिनिधियों को पेंशन दिया जाएगा और जन वितरण प्रणाली के डीलरों की आमदनी बढ़ जाएगी। मानदेय के साथ प्रति क्वींटल मार्जिन मनी (कमीशन) की राशि भी बढ़ा दी जाएगी।



तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने किसी का कोई न ुक स ान नहीं किया। न ीत ीश कुमार के 20 साल के बदले तेजस्वी को 20 माह का मौका दें। हम लोग बिहार को नंबर 1 बनाने का का काम करेंगे। उन्होंने का कि हमारी सरकार बनी तो -

1. त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय, भत्ता दोगुना किया जाएगा और पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन देने की शुरूआत की जाएगी। कई राज्यों में यह व्यवस्था पहले से लागू है।

बिहार चुनाव 2025 की ताज़ा ख़बरों के लिए यहां क्लिक करें।

2. पंचायत प्रतिनिधियों का पचास लाख का बीमा कराया जाएगा। ग्राम कचहरी की शक्तियां बढ़ाई जाएंगी।
3. पीडीएस डीलरों को मानदेय दिया जाएगा और प्रति क्वींटल कमीशन की राशि भी बढ़ाई जाएगी।
4. पीडीएस डीलरों की अनुकंपा में 58 साल की उम्र सीमा को समाप्त कर दिया जाएगा।
5. लोहार, कुम्हार, बढ़ई, नाई को पांच लाख का ब्याज रहित लोन दिया जाएगा जिसे पांच वर्षों में चुकाना पड़ेगा।

### पेट के आर-पार हुई तीन फीट की सरिया

**फतेहपुर.** फतेहपुर में मौसी की शादी में शामिल होने आया मासूम बच्चा खेलते-खेलते छत से नीचे गिर पड़ा गया। पड़ोसी के घर की दीवार से निकली सरिया बच्चे के पेट से आर-पार हो गई। बच्चों ने शोर मचाया तो मोहल्ले वासी मौके पर पहुंचे। ग्लेंडर मशीन से सरिया काट बच्चे को निकाला गया। लेकिन पेट में करीब तीन फिट सरिया घुसा रहा। परिजन आनन-फानन में शहर के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां से गंभीर हालत में उसे कानपुर रेफर किया गया है।

# सरहद पर 'ऑपरेशन त्रिशूल' की तैयारी

- **पाकिस्तानी सेना में हड़कंप**
- **सैन्य अभ्यास ने उड़ाई नींद**



**नई दिल्ली.** भारत पश्चिमी सीमा पर 30 अक्टूबर से 10 नवंबर तक त्रि-सेवा (थलसेना, नौसेना और वायुसेना) सैन्य अभ्यास करने वाला है। इसे लेकर पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। तीनों सेना का संयुक्त अभ्यास त्रिशूल के नाम से होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक्सरसाइज सर क्रीक-सिंध-कराची अक्ष पर केंद्रित होगी, जिसे पाकिस्तानी 'पाकिस्तान का गहरा दक्षिण' बताते हैं। इसे देखते हुए इस्लामाबाद अपनी दक्षिणी कमांड में सतर्कता बढ़ाने के लिए मजबूर हो गया है और पूरी तरह से चौकसी बरती जा रही है।

पाकिस्तान के रक्षा सूत्रों ने बताया कि सिंध और पंजाब में दक्षिणी कमांड के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही, वायुसेना और नौसेना को किसी भी संभावित आक्रामकता का जवाब देने के लिए स्टैंडबाय पर रखा गया है। सीएनएन-न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, बहावलपुर स्ट्राइक कोर और कराची कोर को विशेष तैयारियों के लिए चुना गया है। शोरकोट, बहावलपुर, रहीम यार खान, जैकोबाबाद, भोलारी और कराची जैसे हवाई अड्डे भी स्टैंडबाय हैं। इसके अलावा, अरब सागर में गश्त और नौसैनिक गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### सैन्य अभ्यास का क्या है मकसद

सूत्रों के अनुसार, भारत का यह अभ्यास थार रेगिस्तान और सर क्रीक क्षेत्र के बीच होगा। इसे दक्षिणी क्षेत्रों में नौसेना, वायुसेना और थलसेना के बीच समन्वय जांचने के लिए डिजाइन किया गया है। पाकिस्तानी अधिकारियों को डर है कि इस एक्सरसाइज का इस्तेमाल समुद्री चोकपॉइंट्स और कराची से जुड़े तटीय ढांचे को खतरे में डालने के लिए हो सकता है। ध्यान रहे कि कराची बंदरगाह और बिन कासिम के माध्यम से पाकिस्तान का लगभग 70 प्रतिशत व्यापार होता है, जो इन सुविधाओं को रणनीतिक रूप से संवेदनशील बनाता है।

### कॉलेज जा रही DU की छात्रा पर एसिड अटैक

दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक छात्रा पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है। पीड़िता उत्तर-पश्चिम दिल्ली स्थित लक्ष्मीबाई कॉलेज की छात्रा बताई जा रही है। घटना सुबह करीब 10 बजे की है जहां कॉलेज परिसर से कुछ ही दूरी पर पीड़िता पर एसिड फेंका गया।

पीड़िता के मुताबिक वह रविवार सुबह एक्स्ट्रा क्लास के लिए कॉलेज गई थी। तभी एक शख्स अपने साथियों के साथ आया और उस पर तेजाब फेंक दिया। पीड़िता ने अपना चेहरा बचाने की कोशिश की लेकिन उसके दोनों हाथ घायल हो गए।

पीड़िता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वह सेकेंड ईयर की छात्रा है और एक एक्स्ट्रा कक्षा के लिए अशोक विहार स्थित लक्ष्मीबाई कॉलेज गई थी।

# ट्रेन के वॉशरूम में गद्दा डालकर सो गया, टॉयलेट नहीं मानो केबिन हो

**नई दिल्ली.** रेलवे से जुड़ी अजीबोगरीब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसने लोगों को हंसाया और चिंतित भी किया। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो में एक शख्स ट्रेन के वॉशरूम को सोने की जगह के तौर पर इस्तेमाल करता दिख रहा है। वीडियो को अब तक 8 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। इसे एक कंटेंट क्रिएटर ने शेयर किया है, जिसने रेलवे प्लेटफॉर्म से यह अनोका नजारा रिकॉर्ड किया था।

वायरल वीडियो में व्यक्ति ट्रेन के टॉयलेट क्यूबिकल में आराम से लेटा हुआ नजर आ रहा है। उसके चारों ओर यात्रा की जरूरी चीजें बिखरी हुई हैं। उसने वॉशरूम की खिड़की से बांधकर बेड भी बाहर लटकाया हुआ है, जिससे यह एक निजी केबिन जैसा मालूम होता है। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया, 'भाई ने वॉशरूम को बेडरूम बना दिया।' इसके बाद वह व्यक्ति से दिख रहे सामानों के बारे में पूछता है कि क्या ये पूरा घर का सामान है? इस पर यात्री बेफिक्री से जवाब देते हुए 'हां' बोलता है।



सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने इस स्थिति को मजाकिया बताया है। वहीं, कई लोग इसे सार्वजनिक स्वच्छता और साझा सुविधाओं के दुरुपयोग का मामला बता रहे हैं। एक यूजर ने टिप्पणी की, 'वह यात्रा का असली मजा ले रहा है, जबकि अन्य खड़े होने के लिए जूझ रहे हैं।' दूसरे ने मजाक में कहा, 'अधिकारियों को उसे अगले स्टेशन पर उतारना होगा।' इस वीडियो ने भारतीय ट्रेनों की स्थिति, जगह की कमी और यात्रियों की सार्वजनिक संपत्ति के प्रति लापरवाही को लेकर बहस शुरू कर दी है। रेलवे अधिकारियों ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# भारत ने तीसरा वनडे 9 विकेट से जीता




- **रोहित ने सेंचुरी और विराट ने फिफ्टी लगाकर दिया जवाब- अभी लंबा खेलना है**

विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में पहला रन लेने के बाद हवा में यूं पंच मारा जैसे कोई जंग जीत ली हो। तकरीबन दो घंटे बाद रोहित शर्मा ने जब शतक पूरा किया तो यूं रिएक्ट किया कि जैसे यह कोई माइलस्टोन नहीं, बल्कि एक शुरुआत भर है। कोहली और रोहित के जश्न के इन तरीकों में बड़ा संदेश छिपा है। यही वजह रही कि भारत भले ही वनडे सीरीज हार गया लेकिन फैंस को इस बात की खुशी थी कि किंग और हिटमैन का रुतबा बरकरार है।

भारत ने शनिवार को सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया। टीम इंडिया सीरीज के पहले दो मैच हार चुकी थी। इसलिए तीसरा वनडे डेड रबर जैसा हो गया था। इसके बावजूद भारतीय फैंस को इस मैच का वैसा ही इंतजार था जैसे यह कोई निर्णायक मुकाबला हो। वजह- टीम में किंग कोहली और हिटमैन रोहित की मौजूदगी।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी 236 पर सिमटी

टॉस हारकर पहले गेंदबाजी करने वाली भारतीय टीम ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया की पारी 236 रन पर समेट दी। मेजबान टीम एक समय 1 विकेट पर 183 रन बना लिए थे। तब लग रहा था कि कंगारू 300 रन से पहले नहीं रुकने वाले। लेकिन भारत ने उसके आखिरी 7 विकेट महज 53 रन देकर झटक लिए। ऑस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ मैट रेनशॉ (50) रन का आंकड़ा पार कर सके।

### हर्षित राणा ने झटके 4 विकेट

ऑस्ट्रेलिया को सस्ते में समेटने में सबसे बड़ी भूमिका उस गेंदबाज की रही, जिसे पिछले कुछ समय में सबसे अधिक ट्रोल किया गया है। ट्रोलर तो छोड़िए, पूर्व क्रिकेटर कृष्माचारी श्रीकांत से लेकर रविचंद्रन अश्विन तक हर्षित राणा को टीम में शामिल करने पर सवाल उठा चुके हैं। हर्षित ने सिडनी में 4 विकेट लेकर श्रीकांत और अश्विन को अपना जवाब दे दिया है।

# 8 हजार स्कूलों में एक भी छात्र नहीं

- **20 हजार टीचर्स हैं तैनात**
- **मंत्रालय के चौंकाने वाले आंकड़े**

**नई दिल्ली.** देशभर में 2024-25 शैक्षणिक सत्र के दौरान करीब 8,000 स्कूलों में एक भी छात्र का एडमिशन नहीं हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक ऐसे स्कूल 3,812 थे, जिनमें शून्य नामांकन दर्ज किया गया। इसके बाद तेलंगाना 2,245 स्कूलों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इन शून्य नामांकन वाले स्कूलों में कुल 20,817 टीचर तैनात थे। खास बात यह है कि पश्चिम बंगाल में ही 17,965 शिक्षक ऐसे स्कूलों में कार्यरत थे।



शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 सत्र के 12954 से घटकर 2024-25 में शून्य नामांकन वाले स्कूलों की संख्या 7993 रह गई, जो करीब 5,000 की कमी दर्शाती है। हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, असम, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में एक भी ऐसा स्कूल नहीं था। सीनियर अधिकारी ने बताया, 'स्कूल शिक्षा राज्य का विषय है। राज्यों को शून्य नामांकन की समस्या से निपटने की सलाह दी गई है। कुछ राज्यों ने संसाधनों जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टाफ के उपयोग के लिए स्कूलों का विलय किया है।'

### एकमात्र टीचर वाले स्कूलों के कैसे हालात

देशभर में 33 लाख से अधिक छात्र 1 लाख से ज्यादा एकल शिक्षक वाले स्कूलों में पढ़ रहे हैं। इनमें आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक ऐसे स्कूल हैं, उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, सिंगल टीचर वाले स्कूलों में एडमिशन के लिहाज से उत्तर प्रदेश टॉप पर है। इसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश है। 2022-23 में 118190 से घटकर 2023-24 में एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 110971 रह गई, जो करीब 6 प्रतिशत की कमी दर्शाती है।

### संघ शासित प्रदेशों और दिल्ली में कैसी स्थिति

पुडुचेरी, लक्षद्वीप, दादरा व नगर हवेली, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह, दमन व दीव और चंडीगढ़ जैसे संघ शासित प्रदेशों में शून्य नामांकन वाले स्कूल नहीं थे। दिल्ली में भी ऐसा कोई स्कूल नहीं है। मध्य प्रदेश में 463 ऐसे स्कूल थे, जहां 223 शिक्षक तैनात थे। तेलंगाना में 1,016 टीचर्स ऐसे स्कूलों में थे। उत्तर प्रदेश में 81 ऐसे स्कूल हैं। यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद ने घोषणा की है कि वह पिछले तीन लगातार शैक्षणिक सत्रों में शून्य नामांकन वाले संबद्ध स्कूलों की मान्यता रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

# अरुणाचल में HIV रैकेट!

- **दो कर्मचारियों की खुदकुशी के बाद फरार हो गए IAS अधिकारी**

अरुणाचल प्रदेश में खुदकुशी के दोहरे मामले में IAS अधिकारी तालो पोटोम के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। 23 अक्टूबर को एक 19 साल के शख्स ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खुदकुशी कर ली थी। दिल्ली सरकार में PWD में सचिव के तौर पर तैनात पोटोम इस समय फरार हैं। पीड़ित के परिवार का कहना है कि पोटोम की वजह से ही पीड़ित ने खुदकुशी की थी। परिवार ने कहा कि जब तक आईएएस गिरफ्तार नहीं हो जाते, वे शव भी नहीं स्वीकार करेंगे।

19 साल के शख्स के अलावा रूरल वर्क डिपार्टमेंट के एक इंजीनियर ने भी खुद को गोली मार ली थी। पीड़ित किशोर ने दावा किया था कि उसका यौन उत्पीड़न किया गया और उसके साथ धोखेबाजी की गई। उसने एक अधिकारी पर आरोप लगाया था कि जान-बूझकर उसे एचआईवी पॉजिटिव कर दिया गया और फिर ब्लैकमेल किया गया।

उसने अपने सुसाइड नोट में तालो पोटोम को भी जिम्मेदार ठहराया था। उसने कहा, अगर उन्होंने मुझे इस पद पर ना नियुक्त किया होता तो मैं आत्महत्या नहीं करता। मैंने जो कुछ भी किया उनकी वजह से ही किया और मेरे पास जीने का कोई रास्ता नहीं बचा था। पीड़ित के पिता ने नीरूजी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई। इस में अरुणाचल प्रदेश की पुलिस ने एक एसआईटी गठित की है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आरोपों की जांच और आत्महत्या के पीछे की वजहों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि एईएएस पोटोम को तलाश करने की कोशिश की जा रही है।

# LIC ने नहीं, अमेरिकी बीमा कंपनियों ने अडानी ग्रुप पर लगाया है बड़ा दांव

**नई दिल्ली.** अडानी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का निवेश भले ही सुर्खियों में हो, लेकिन हालिया आंकड़े बताते हैं कि अरबपति गौतम अडानी द्वारा नियंत्रित इकाइयों में कुछ सबसे बड़े निवेश सरकारी बीमा कंपनी से नहीं, बल्कि प्रमुख अमेरिकी और वैश्विक बीमा कंपनियों से आए हैं।

जून, 2025 में, अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5,000 करोड़ रुपये) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अडानी के मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपये (75 करोड़ डॉलर) के लोन निवेश का नेतृत्व किया, जिसमें कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बीमा कंपनियां शामिल हुईं।

एथेन की मूल कंपनी - अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट - ने 23 जून को एक बयान में कहा कि उसके प्रबंधित फंड, सहयोगी और अन्य दीर्घकालिक निवेशकों ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (मायल) के लिए 75 करोड़ डॉलर का 'निवेश ग्रेड रेटेड वित्तपोषण' पूरा कर लिया है। यह अपोलो द्वारा मायल के लिए दूसरा बड़ा फंडिंग था। अन्य फंड जुटाने में अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा डीबीएस बैंक, डीजेड बैंक, राबोबैंक और बैंक सिनोपैक कंपनी लिमिटेड सहित वैश्विक कर्जदाताओं के एक समूह से लगभग 25 करोड़ डॉलर जुटाना शामिल था।

### 10 लाख अमेरिकी डॉलर के लोन डॉक्यूमेंट पर हुआ साइन

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की अगस्त की एक रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने वर्ष की पहली छमाही में बंदरगाह इकाई (एपीएसईजेड), ग्रीन ऊर्जा एनर्जी (एजीईएल), प्रमुख कंपनी (अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड) और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड में कुल मिलाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की नई लोन सुविधाओं पर हस्ताक्षर किए। 'वॉशिंगटन पोस्ट' की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ग्लोबल इंवेस्टर्स की हिचकिचाहट के बीच सरकारी अधिकारियों ने एलआईसी के निवेश निर्णयों को प्रभावित किया। इससे अडानी समूह में एलआईसी का निवेश सुर्खियों में आ गया। शनिवार को, एलआईसी ने इस रिपोर्ट को 'झूठा, निराधार और सच्चाई से कोसों दूर' बताया और कहा कि अडानी समूह की कंपनियों में उसका निवेश स्वतंत्र रूप से और विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद उसके निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार किया गया था।

भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में, बुनियादी बातों और विस्तृत जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो मजबूत फंड मैनेजमेंट को दर्शाता है।

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक


# सायन और गेटवे ऑफ़ इंडिया के बीच चलेगी 17.4 किलोमीटर लंबी भूमिगत मेट्रो लाइन-11

**मुंबई.** मुंबई के दूसरे भूमिगत मेट्रो कॉरिडोर के प्रस्ताव ने गति पकड़ ली है, मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने इसे केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेज दिया है। ₹23,487 करोड़ की अनुमानित लागत वाली 17.4 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन 11, सायन स्थित अनिक डिपो और गेटवे ऑफ़ इंडिया के बीच चलेगी, जो दक्षिण मुंबई के पूर्वी छोर को पूरी तरह से भूमिगत मार्ग से उपनगरों से जोड़ेगी। नया कॉरिडोर - एमएमआरडीए द्वारा निर्मित मेट्रो लाइन 4 (वडाला-ठाणे-कासरवडावली) का एक विस्तार - मुंबई के कुछ सबसे भीड़भाड़ वाले इलाकों, जैसे वडाला,



भायखला, नागपाड़ा, भिंडी बाज़ार, क्रॉफर्ड मार्केट, हॉर्निमन सर्कल और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के नीचे से गुज़रेगा और गेटवे ऑफ़ इंडिया पर समाप्त होगा।

एमएमआरसीएल के एक अधिकारी ने कहा, ₹संरेखण लगभग तय हो चुका है और हमने परियोजना के ऋण घटक के लिए जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) से संपर्क किया है।₹ उम्मीद है कि केंद्र औपचारिक मंजूरी देने से पहले प्रस्ताव और उसकी लागत की समीक्षा करेगा। अनिक डिपो पर, इस लाइन में एक कार डिपो और बेस्ट बसों के लिए एक एकीकृत पार्किंग सुविधा होगी। बेस्ट उपक्रम पहले से ही कई स्थानों पर बहु-स्तरीय बस पार्किंग और डिपो की भूमि के व्यावसायिक उपयोग की योजना बना रहा है। यह नई लाइन पूर्वी उपनगरों और दक्षिण मुंबई के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करेगी, जो मध्य रेलवे के लगभग समानांतर चलेगी और वडाला में एक इंटरचेंज प्रदान करेगी।

अधिकारियों ने कहा कि कॉरिडोर का संरेखण उन क्षेत्रों की सेवा के लिए डिज़ाइन किया गया है जो वर्तमान में उपनगरीय रेलवे स्टेशनों से दूर हैं, साथ ही मौजूदा बेस्ट बस सेवाओं के मार्गों को भी पूरक करेगा। इस दिवाली की शुरुआत में, एमएमआरसीएल ने परियोजना के लिए एक अंतरिम सलाहकार नियुक्त करने हेतु निविदाएँ आमंत्रित की थीं। सलाहकार संरेखण और स्टेशनों के स्थानों को अंतिम रूप देगा, भू-तकनीकी और स्थिति सर्वेक्षण करेगा, प्रारंभिक सुरंग और स्टेशन डिज़ाइन तैयार करेगा, और सिविल निविदा पैकेज का मसौदा तैयार करेगा। वे यातायात परिवर्तन, मलबा निपटान और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन की भी योजना बनाएंगे। महाराष्ट्र सरकार ने सितंबर में मेट्रो लाइन 11 के कार्यान्वयन को मंजूरी दी थी। इस परियोजना को पूरा करने के लिए लगभग 22.7 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी - 20.35 हेक्टेयर सरकारी भूमि और 2.36 हेक्टेयर निजी भूमि।

## संक्षेप...

### डॉलर देने के नाम पर ठगी

**नवी मुंबई.** मुंबई निवासी एक व्यक्ति को सस्ती दर पर अमेरिकी डॉलर देने का झांसा देकर तीन लोगों ने उससे कथित तौर पर तीन लाख रुपये ठग लिए। नवी मुंबई पुलिस ने यह जानकारी दी। रबाले पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जालसाजों ने 18 से 20 अक्टूबर के बीच अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कांदिवली निवासी 33 वर्षीय व्यक्ति से संपर्क किया और उसे सस्ती दरों पर अमेरिकी डॉलर देने की पेशकश की। उन्होंने घणसोली इलाके में पीड़ित से तीन लाख रुपये लिए लेकिन वादे के अनुसार उसे अमेरिकी डॉलर नहीं दिए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। शिकायत के आधार पर 23 अक्टूबर को नवी मुंबई में रबाले पुलिस थाना में तीनों जालसाजों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# अमित शाह आज मुंबई में

- इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का करेंगे उद्घाटन



मुंबई. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर रविवार की रात मुंबई पहुंचे. छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया. शाह, सोमवार को 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' के तहत महाराष्ट्र के लिए बनाए गए गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले दो अत्याधुनिक जहाजों का उद्घाटन करेंगे. सोमवार को मझगांव डॉक में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है. इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार तथा केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल उपस्थित रहेंगे.प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' के तहत लाभार्थियों को प्रदान की जा रही इन गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाली नौकाओं की लागत 1.2 करोड़ रुपए प्रति नौका है. राज्य के मत्स्य पालन और बंदरगाह विकास मंत्री नीतेश राणे ने शुक्रवार को मंत्रालय में बैठक के दौरान कहा था कि उन्होंने मझगांव डॉक जाकर पूरी तैयारी का जायजा लिया है. उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल राज्य में समुद्री मत्स्य पालन के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी.

# छठ पूजा पर शिवशांति प्रतिष्ठान ने किया महा स्वच्छता अभियान

**ठाणे.** शहर स्थित रायलादेवी तालाब परिसर में शिवशांति प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट विनय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आस्था के पर्व छठ माता के पवित्र स्थल पर बड़े पैमाने पर "महा स्वच्छता अभियान" किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य था छठ माता के पवित्र स्थल को स्वच्छ रखना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव परिवार प्रमुख पंडित राम मिलन शुक्ला,रंजीत सिंह, रणजीत सिंह,




spl टीम,संस्कार ट्रस्ट से लक्ष्मी मौर्या उनकी टीम,एडोकेट शिक्षा संस्कार, जया विश्वकर्मा, शिवदूत कमलेश सिंह, अरविंद गिरी, दीपक गिरी, दिलीप सिंह, कुलदीप तिवारी सहित रिक्शा चालकों और पर्यावरण प्रेमी इस अभियान में शामिल थे।

# कोंबडपाड़ा संघर्ष समिति द्वारा किला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह

**भिवंडी.** कोंबड पाड़ा संघर्ष समिति द्वारा लगातार चौथे वर्ष किला प्रतियोगिता का आयोजन किया. इसका मकसद हमारे हिंदू स्वराज्य के शानदार इतिहास की गवाही देने वाले किलों को बचाना, सहेजना और उनकी ऐतिहासिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था. पुरस्कार वितरण समारोह में भाजपा विधायक महेश चौघुले, छत्रपति शिवाजी महाराज मंदिर के संस्थापक डॉ.राजू चौधरी, भाजपा भिवंडी शहराध्यक्ष रवि सावंत, कृष्णा गाजेंगी, राजू गाजेंगी सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग भारी संख्या में मौजूद थे. गौरतलब हो कि, कोंबडपाड़ा संघर्ष समिति द्वारा नामित निरीक्षक प्रो.प्रवीण जयराम




ठाकरे ने 20 बाल कलाकारों द्वारा निर्मित शिवाजी के किलों के निरीक्षण की जिम्मेदारी बहुत अच्छे से निभाई.

प्रतियोगिता में 50 प्रतियोगियों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई. उक्त प्रतियोगिता दो समूहों में विभाजित थी.प्रथम समूह में, जय बजरंग मित्र मंडल ने कोंढाणा किला बनाकर पहला स्थान जीता. दूसरे स्थान पर भैरव कृपा मंडल, तीसरे स्थान पर जय श्रीराम मित्र मंडल, चौथे स्थान पर शिवराजे ग्रुप और पांचवें स्थान पर शिव स्वरूप मित्र मंडल रहे. द्वितीय छोटे समूह में श्री स्वामी समर्थ ग्रुप ने खंडेरी किला बनाकर पहला स्थान जीता. दूसरे स्थान पर एस.जी. जूनियर, तीसरे स्थान पर स्वास्तिक मित्र मंडल, चौथे स्थान पर जय शिवराय ग्रुप और पांचवें स्थान पर संगमपाड़ा मित्र मंडल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.एस.जी. ग्रुप ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया.विशेष सांत्वना पुरस्कार विघ्नेश्वर मित्र मंडल, जय गावदेवी मित्र मंडल और बाल गणेश मित्र मंडल ने जीता.

विजेताओं के साथ-साथ किला स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतियोगियों को नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. संघर्ष समिति मुख्य पदाधिकारी भाजपा वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णा गाजेंगी ने लोगों से इतिहास की धरोहर का संरक्षण और सनातनी ऐतिहासिक परंपरा को बचाने का आह्वान किया.उन्होंने कहा कि,हमें अंधेरे को प्रकाशित करने के लिए एक दीया चाहिए.भारत के लिए शिवाबा जैसा युवा चाहिए.

किला स्पर्धा प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी नाना झलके, अजय पाटिल, अशोक पलांडे, बाला शेलार, भाई वनगे, एड व्यंकटेश चिटकेन, नागेश झांपाल, श्रीनिवास अडेगोपुला, कोंडा गाजेंगी, श्रीधर रुद्र, हिमांशु वनगे, वेंकटेश गलपेली,अजय पाटिल,शैलेश मांजरेकर आदि ने कड़ी मेहनत की.समाजसेवी कृष्णा गाजेंगी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक किए जाने के प्रयासों की सराहना शहरवासी कर रहे हैं.

## ठाणे में दिवाली का जश्न और आपदा प्रबंधन की चौकस निगरानी

# पाँच दिनों में 42 शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई

- आग लगने की 25 घटनाएँ
- ठाणेवासियों की सुरक्षा के लिए टीम दिन-रात मुस्तैद

**ठाणे.** दिवाली का जश्न, दीपों की जगमगाहट, पटाखों की गगनभेदी ध्वनि और खुशी का माहौल लेकिन इस उत्साह के बीच, ठाणे मनपा का आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ ठाणेवासियों की सुरक्षा के लिए दिन-रात मुस्तैद रहा। 20 से 24 अक्टूबर के बीच, प्रकोष्ठ में विभिन्न प्रकार की 42 शिकायतें दर्ज की गईं और बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रत्येक मामले में तत्काल कार्रवाई की गई।

इन पाँच दिनों के दौरान आग लगने की 25 घटनाएँ दर्ज की गईं। साथ ही पेड़ गिरने या टहनियाँ टूटने के 7 मामले, सीएनजी रिसाव का 1 मामला, पानी की पाइपलाइन का 1




मामला, शीट शेड गिरने का 1 मामला और विभिन्न प्रकार की 7 अन्य शिकायतों का भी तुरंत जवाब दिया गया।

गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को एक ही दिन में आग लगने की 10 से ज़्यादा घटनाएँ हुईं लेकिन दमकल विभाग और आपदा प्रबंधन दल की समय पर कार्रवाई के कारण किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई।20 अक्टूबर की रात 9.35 बजे वागले एस्टेट स्थित आदर्श

> जब नागरिक दिवाली मना रहे थे, तब हमारी टीम दिन-रात ड्यूटी पर थी। ठाणेवासियों का त्योहार सुरक्षित और खुशहाल बनाना हमारी ज़िम्मेदारी है। नागरिकों को पटाखे जलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए और बिजली व गैस संबंधी नियमों का पालन करना चाहिए।
> -यासीन तड़वी
> आपदा प्रबंधन अधिकारी, ठाणे मनपा

ऑटो पार्ट्स गैराज में लगी आग दिवाली के पहले दिन की सबसे बड़ी घटना साबित हुई। दमकल कर्मियों, आपदा प्रबंधन कर्मियों, बिजली और पुलिस विभाग ने मिलकर एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। इसके अलावा, 22 अक्टूबर को ढोकली स्थित रनवाल आइरीन बिल्डिंग की 35वीं मंजिल पर आग लग गई हालाँकि त्वरित प्रतिक्रिया के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। 23 अक्टूबर को बालकुम इलाके में आग लग गई, जिससे धुएँ का विशाल गुबार उठा दमकल दल ने समय रहते आग बुझा दी। इसी तरह, अन्य स्थानों पर हुई घटनाओं में भी सेल ने सहायता प्रदान की।

दिवाली के दौरान पटाखों, बिजली, रसोई गैस और पेड़ों पर दीयों के इस्तेमाल से आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। इस पृष्ठभूमि में, आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और अग्निशमन कर्मी पूरी तैयारी के साथ ड्यूटी पर तैनात थे। इंजीनियरिंग विभाग, विद्युत वितरण प्रणाली, परिवहन शाखा और पुलिस बल की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# मेफेड्रोन ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़

- 13 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ बरामद
- दुबई से चल रहा था नेटवर्क

**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने वसई के पेल्हर इलाके में एक एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है, जहां करोड़ों रुपए की नशीली दवाएं और केमिकल का जखीरा बरामद किया गया. यह कार्रवाई मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल और तिलक नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने की. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में स्थित पेल्हर के रशीद कंपाउंड में एक केमिकल फैक्ट्री की आड़ में एमडी ड्रग्स बनाई जा रही है. पुलिस ने मौके पर छापा मारा.

छापेमारी के दौरान पुलिस को वहां भारी मात्रा में नशीला पदार्थ, केमिकल और एमडी ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल मिला. पुलिस ने लगभग 7 किलो एमडी ड्रग्स और करोड़ों रुपये के केमिकल ज़ब्त किए हैं. शुरुआती अनुमान के मुताबिक, जब्त की गई ड्रग्स और सामग्री की कीमत 13.4 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है. अधिकारियों ने बताया कि मुंबई से करीब 75 किलोमीटर दूर वसई में यह बरामदगी की गई और तिलक नगर थाने में पांच अक्टूबर को दर्ज एक मामले के बाद यह सफलता हासिल हुई है. उस समय तिलक नगर पुलिस ने 57 ग्राम मेफेड्रोन बरामद किए जाने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तारी किया था.

पुलिस उपायुक्त (जोन-6) समीर शेख ने बताया कि पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने मादक पदार्थ की चरणबद्ध तरीके से तस्करी किए जाने के बारे में जानकारी साझा की जिसके आधार पर पुलिस ने मुंबई और ठाणे जिले के मीरा रोड से चार लोगों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.


### आम सूचना

मैं श्री जयंत राम भोर सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 36, बैरक नं. 122 के पास, नवीन धोबी घाट, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 05एओ014345900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती अल्का राम भोईर के नाम पर है उनका निधन 6.10.2024 को हो गया है। उन्होंने इच्छा पत्र (विल) एग्रीमेंट द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जयंत राम भोर**

### आम सूचना

मैं श्रीमती साईदमा नारायण धनागर सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 567 चौ.फुट, साईबाबा कॉलोनी, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 26बीओ004617600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चंदरकला सुनदर विश्वकर्मा, श्रीमती सालीता संतोष राजपूत ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 14.10.2025 सी.नं. 594 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती साईदमा नारायण धनागर**

### आम सूचना

मैं श्री प्रदीप नरेश परदेशी सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम नं. 7, बैरक नं. 619, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीआय018996800) उक्त प्रॉपर्टी श्री नरेश आनंद परदेशी ने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 17.10.2025 सी.नं. 618 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री प्रदीप नरेश परदेशी**


# पंचतत्व में विलीन हुए सतीश शाह

- ऑनस्क्रीन बेटे राजेश कुमार ने दिया कंधा
- अंतिम दर्शन करने पहुंचीं रुपाली गांगुली हुईं भावुक

बॉलीवुड के सीनियर एक्टर सतीश शाह का शनिवार दोपहर निधन हो गया। एक्टर 74 साल के थे और किडनी से जुड़ी समस्या से जूझ रहे थे। आज सुबह उनका पार्थिव शरीर हिंदुजा हॉस्पिटल से उनके घर लाया गया। जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार मुंबई के विले पार्ले (वेस्ट) स्थित पवन हंस श्मशान भूमि में हुआ।

सतीश शाह के अंतिम संस्कार में फिल्म इंडस्ट्री के कई सेलेब्स शामिल हुए। टीवी शो साराभाई वर्सेस साराभाई में उनके ऑनस्क्रीन बेटे रोसेश का किरदार निभाने वाले राजेश कुमार और अशोक पंडित ने उन्हें कंधा दिया।



सतीश शाह के मैनेजर रमेश कदातला भी सतीश शाह को अंतिम विदाई देने पहुंचे। वही सतीश शाह को हिंदुजा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा- बीते दिन दोपहर करीब 2 बजे लंच के समय पहला निवाला लेते ही वो बेहोश हो गए। आधे घंटे बाद घर में एम्बुलेंस पहुंची और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

फिल्ममेकर विवेक शर्मा ने बताया, 'शनिवार सुबह ही सतीश शाह से मेरी चैट हो रही थी। हम रोज बातें करते थे, एक-दूसरे को रील्स और दिलचस्प वीडियो भेजते थे।

### कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रहे

कई बेहतरीन फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रहे सतीश शाह सतीश शाह टीवी शो साराभाई वर्सेज साराभाई से फेमस हुए थे। उन्होंने मैं हूं ना (2004), कल हो ना हो (2003), फना (2006) और ओम शांति ओम (2007) जैसी कई मशहूर फिल्मों में काम किया था। साल 2008 में उन्होंने अर्चना पूरन सिंह के साथ टीवी शो कॉमेडी सर्कस में बतौर जज काम किया था।

# आग से 3 ठेले प्रभावित

- बिना किसी हानि के बुझाई गई आग

ठाणे में शुक्रवार तड़के तीन दुकानों में आग लग गई। यह आग जीवादानी नगर, दिवा इलाके में लगी थी। आग बुझाने में करीब 40 मिनट लगे। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ।

ठाणे नगर निगम (TMC) के आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि आग सुबह 3.07 बजे लगी। इन दुकानों में पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) की मूर्तियां रखी थीं। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। बिजली वितरण कंपनी के कर्मचारी भी वहां पहुंचे। उन्होंने आग बुझाने के दौरान बिजली से जुड़े खतरों से सुरक्षा सुनिश्चित की।

आग बुझाने का काम सुबह 3.45 बजे तक पूरा हो गया था। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। यह घटना जीवादानी नगर के 'गाला' में हुई। फायर ब्रिगेड ने तुरंत कार्रवाई कर आग पर काबू पा लिया। इस घटना से किसी को चोट नहीं आई। यह एक राहत की बात है। आग लगने से लाखों का नुकसान हो सकता था। लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।


### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्री गोविंद टिकमदास फेरवानी ने शॉप नं. 4, आकाश को-ऑप, हाउसिंग सोसायटी लि., प्लॉट नं. 28, सेक्शन 4-ए, उल्हासनगर- 421003 क्षेत्रफल 252 चौ.फुट. इस प्रापर्टी के बिक्री का सौदा श्री संजय मेंघराजमल बजाज के साथ किया है।

अगर उपरोक्त प्रॉपर्टी के बारे में किसी हिस्से के लिए किसी भी व्यक्ति को मोरोसी हक, वास्ता जैसे कि बिक्री नामा, गिरवी नामा, बक्षीस नामा, वसीयत नामा व कब्जा इत्यादि अथवा किसी भी कोर्ट केस या संस्था/बैंक को देना ऐसी किसी किस्म की आपत्ति (ऐतराज) हो तो वह लेखी में पूरे सबूतों के साथ इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पत्ते पर अपनी आपत्ति सबूतों के साथ समय पर भेजे। अन्यथा दूसरी हालत में आम सूचना के समय पूरे होने के बाद उपरोक्त प्रॉपर्टी का सौदा कर पूरा कर दिया जाएगा उसके बाद कोई भी आपत्ति या दावा सुना नहीं जाएगा।

सही/-
**एड. पिंकी बुधवानी**
शॉप नं. 2, लासी हॉल के पास, हेमराज डेयरी रोड, उल्हासनगर-421001. मो. 7057805281

### आम सूचना

मैं श्री सलीम जोदीन मुल्ला सभी को सूचित कर रहा हूं कि एक रुम, 279 चौ.फुट, सामने बैरक नं. 136-ए, रुम नं. 7, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 05एओ014394200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रजनी घनश्याम रामतेरे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 6.10.2025 सी.नं. 524 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सलीम जोदीन मुल्ला**

### आम सूचना

हम श्रीमती नंदनी हीरो कुकरेजा व श्री हीरो हरपालदास कुकरेजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 622, नेताजी रोड, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 21बीआय016524700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रुकमणी मोहनदास चैनाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.8.2014 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती नंदनी हीरो कुकरेजा**
**व श्री हीरो हरपालदास कुकरेजा**

### आम सूचना

मैं श्री चन्दरु नानिकराम दादलाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 8, ग्रांऊड फ्लोर, हरिद्वार अपार्टमेंट, न्यू लिंक रोड, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 28बीआय017392600) उक्त प्रॉपर्टी श्री दिलीपसिंघ सुगनासिंघ लबाणा व श्रीमती सतीकौर दिलीपसिंघ लबाणा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.10.2025 सी.नं. 580 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री चन्दरु नानिकराम दादलाणी**

### आम सूचना

मैं श्री सुनील लालजी गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 155 चौ.फुट, बाबा रामदेव नगर, ओटी सेक्शन, अमरधाम चौक, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19एओ021471300) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजू श्रीचंद चौहान के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 3.5.2025 सी.नं. 515 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुनील लालजी गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्री आसनदास ज्ञानचंद माट्टा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 201, 2रा माला, हिमांशू अपार्टमेंट, सेवा निकेतन के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 11बीआय017938100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ग्रेसी जेम्स डीसोजा अल्यास गरेसी जौसे डिसोझा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 25.5.2010 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री आसनदास ज्ञानचंद माट्टा**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099